बालभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा - चतुर्थ **दिनांक -03-09-2020**

विषय -हिन्दी **विषय शिक्षक -पंकज कुमार**

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

सुप्रभात बच्चों आज पत्र के बारे में अध्ययन करेंगे ।

उपहार भेजने पर नानी जी को धन्यवाद पत्र लिखें

125,विकास नगर मार्ग,

लखनऊ - 75

दिनांकः ०3/०9-२०20

आदरणीय मामा जी ,

सादर चरण स्पर्श , आप कैसे है व आपका स्वास्थ्य कैसा है ? आपके द्वारा भेजा गया उपहार आज ही प्राप्त हुआ।डाकिये ने जैसे ही डाक दिया ,मैं समझ गया कि आपको अपना वादा याद था।गत वर्ष आपने मुझे वचन दिया था कि कक्षा में प्रथम आने पर मुझे उपहार देंगे। आपका यह उपहार अमूल्य है।

मेरे जन्मदिन पर घडी भेज कर आपने मेरे मन की बात पूरी कर दी।घड़ी न होने के कारण मुझे कई बार विद्यालय जाते हुए देर हो जाती थी। परीक्षा देते समय भी घड़ी के बिना बड़ी कठिनाई होती थी। मेरी कलाई पर बंधी घडी सदैव मुझे समय की पाबंदी पर चलने के लिए प्रोत्साहित करेगी।घडी बहुत सुन्दर और बहुत उपयोगी है।इसके लिए मैं आपका धन्यवाद देता हूँ।मामा जी आपसे भेंट हुए भी बहुत समय बीत गया है।पार्सल भेजने के स्थान पर आप स्वयं आ जाते तो मुझे और भी अच्छा लगता।माँ भी आपकी राह देख रही है।

मामी जी को प्रणाम।सोनू और मोनू को प्यार !

आपका

रजनीश सिंह

गृहकार्य

कक्षा में प्रथम आने पर मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए -